

कई ऐसी टीमें हैं जिनकी बल्लेबाजी काफी मजबूत

आईपीएल में कई ऐसी टीमें हैं जिनकी बल्लेबाजी काफी मजबूत है या उनका गेंदबाजी आक्रमण काफी अच्छा है, लेकिन वो कुछ खिलाडियों पर निर्भर रहती हैं। अगर वो अच्छा करते हैं तो टीम जीतेगी और नहीं करते हैं तो टीम संघर्ष करेगी।'

# धोनी उन खिलाड़ियों को पसंद करते हैं जो तीन विभागों में अच्छे हों: चाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। चेन्नै सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा है कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उन खिलाड़ियों को पसंद करते हैं जो खेल के सभी तीनों विभागों में अपना योगदान दे सके, खासकर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में। चेन्नै ने आईपीएल–13 के पहले मैच में मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराया था। चाहर ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के शो आकाशवाणी पर कहा, 'धोनी उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता देते हैं जो तीनों विभागों में अच्छा खेलते हैं। वह उन खिलाड़ियों को पसंद करते हैं जो बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में अपना योगदान दे सके। गेंदबाज का बुरा दिन हो सकता है लेकिन एक शानदार कैच लेकर या चौका–छक्का मार कर मैच जिता कर चीजों को बदल सकता है।' उन्होंने कहा, 'अगर आप हमारी टीम को देखेंगे तो हमारे पास काफी खिलाड़ी हैं जो सभी विभागों में अच्छे हैं। टी–20 ऐसा प्रारूप है जहां आपको सब कुछ करने की जरूरत होती है।

# मंयक अग्रवाल को मैच न खत्म कर पाने का मलाल

**क्रिकेट**

## हमने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए बढ़िया बल्लेबाजी की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 किंग्स इलेवन पंजाब (ङ्क्षप्च)और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया इंडियन प्रीमियर लीग 2020 का दूसरे मैच काफी रोमांचक रहा। मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ, जिसमें दिल्ली की टीम को जीत मिली। पंजाब की तरफ से ओपनर बल्लेबाजा मयंक अग्रवाल ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 89 रन की पारी खेली, लेकिन उनकी पारी काम नहीं आई। मैच बाद उन्होंने कहा कि उन्हें मैच को खत्म न कर पाने का दुख है। साथ ही उन्होंने मार्कस स्टोइनिस की तारीफ की। बता दें कि पंजाब को आखिरी दो गेंद पर जीत के लिए एक रन की जरुरत थी, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने दो गेंद पर दो विकेट ले लिया मैच टाई हो गया।

मैच के बाद मंयक ने कहा कि



हमारा दिन मुश्किल भरा था। जिस तरह से हमने मैच में वापसी की वह शानदार था। हमने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी की। जिस स्थिति में हम थे वहां से मैच न जीतने पाने पर काफी दुख हुआ। उन्होंने कहा कि यह पहला ही मैच था। देखते हैं हम आगे कैसा प्रदर्शन करते हैं। निश्चित रूप से, हमें एक रन की जरुरत होने पर मैच जीतना चाहिए था।

29 वर्षीय मयंक ने कहा कि 158 रन का स्कोर काफी अच्छा लक्ष्य था। ब्रेक पर जाते वक्त हम सोच रहे थे कि अगर हमने अच्छी पार्टनरशिप की और नई गेंद पर विकेट नहीं खोया तो हम मैच जीत सकते हैं। हमने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए बढ़िया बल्लेबाजी की। उन्होंने स्टोइनिस की तारीफ की, जिन्होंने 21 गेंद पर 53 रन की पारी खेली। उनकी पारी की मदद से दिल्ली ने अंतिम तीन ओवर में 57 रन बनाए।

मयंक ने कहा कि स्टोइनिस ने शानदार बल्लेबाजी की और हमने थोड़ी सी गलती की उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। इसके लिए वह तारीफ के पात्र हैं। उनके लिए मैच शानदार रहा। दिल्ली के लिए उन्होंने डेथ ओवर में शानदार काम किया।

**स्टोइनिस की फहर्म से टीम को काफी फायदा होगाः अक्षर पटेल**

दिल्ली के लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि स्टोइनिस की फॉर्म से टीम को काफी फायदा होगा। अगर टीम छह गेंदबाज खिलाना चाहती है तो आपको ऑलराउंडर की जरुरत होती है और अगर वे इसी तरह बैट और गेंद से योगदान देते रहे तो यह टीम के लिए काफी अच्छा होगा। पहले मैच में ही स्टोइनिस के इस तरह का प्रदर्शन का मतलब है कि हमें अपनी रणनीति को बहुत ज्यादा नहीं बदलना है। यह अच्छा है कि हमने सुपर ओवर जीता और ड्रेसिंग रूम में मनोबल ऊंचा है।

# शॉर्ट रन विवाद में अंपायरिंग पर फूटा प्रीति जिंटा का गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। आईपीएल–13 में रविवार को खेले गए दिल्ली कैपिटल्स और किंग्स इलेवन पंजाब बीच मैच में अंपायरिंग को लेकर विवाद हो गया और इस पर पंजाब टीम की मालकिन प्रीति जिंटा का गुस्सा फूट पड़ा। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब की पारी के 19वें ओवर के दौरान मयंक अग्रवाल और क्रिस जॉर्डन बल्लेबाजी कर रहे थे। इसी ओवर में जॉर्डन द्वारा लिए गए रन को शॉर्ट रन दे दिया लेकिन रीप्ले में देखा गया तो जॉर्डन का बल्ला पूरी तरह से क्रीज के पार था। इस पर प्रीति ने ट्वीट कप भड़ास निकाली। अभिनेत्री ने लिखा, 'मैंने इस महामारी के दौरान पूरे जोश के साथ यहां तक का सफर किया,





छह दिन क्वारंटीन रही और पांच कोविड टेस्ट कराए वो भी मुस्कुराते हुए, लेकिन वो एक शॉर्ट रन ने मुझे काफी दर्द दिया। अगर तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता तो इसका फायदा क्या है? यह समय है जब बीसीसीआई को नए नियम लाने चाहिए। यह हर साल नहीं हो सकता।'

प्रीति ने एक और ट्वीट में लिखा, ''मैं हार–जीत को विनम्रता से स्वीकार करने में विश्वास रखती हूं और खेल भावना को भी मानती हूं, लेकिन खेल को सुधार करने के लिए नीति में बदलाव करने की मांग करना भी जरूरी है। जो हुआ वो हो चुका और आगे बढ़ना जरूरी है। इसलिए मैं आगे बढ़ रही हूं और हमेशा की तरह सकारात्मक हूं।'

## सनराइजर्स हैदराबाद बनाम रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर, संभावित एकादश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग के लगभग हर सीजन में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम कागजों पर बेहद मजबूत नजर आती है लेकिन टीम अभी तक खिताब नहीं जीत पाई है। उसके प्रशंसकों को हर बार उम्मीद होती है कि उनकी टीम आखिरी पड़ाव पार कर लेगी। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद टीम को लेकर बहुत हल्ला नहीं होता लेकिन वह 2016 में चौंपियन बनी थी और 2018 में रनर्स–अप रही थी। बैंगलोर की टीम में विराट कोहली, एबी डि विलियर्स और आरोन फिंच जैसे बड़े खिलाड़ी हैं वहीं हैदराबाद के पास भी डेविड वॉर्नर, जॉनी बेयरस्टो और राशिद खान जैसे बड़े खिलाड़ी हैं। बैंगलोर की टीम के लिए विराट कोहली और एबी डि विलियर्स को ज्यादा से ज्यादा गेंदों का सामना करना होगा। हालांकि दोनों को लेग स्पिन गेंदबाजी के सामने कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा है। सनराइजर्स के पास राशिद खान जैसा गेंदबाज है जिसे इस समय सीमित ओवरों के क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर कहा जाता है। इनके बीच की जंग काफी महत्वपूर्ण हो सकती है।

## न्यूज डायरी



## राजस्थान के खिलाफ मैच से पहले चेन्नई को मिली बड़ी खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए टीम को एक बड़ी खुशखबरी मिली है। युवा बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ ने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। गौरतलब है कि रितुराज कोरोना वायरस से संक्रमित थे और उनकी दो जरुरी रिपोर्ट नेगेटिव आई, जिसके बाद उन्होंने अभ्यास शुरू कर दिया है। कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद वह दो हफ्ते तक क्वारंटाइन में रहे और वह शनिवार को मुंबई के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेल पाए, जिसमें टीम को पांच विकेट से जीत मिली। रितुराज गायकवाड़ के ट्रेनिंग शुरू करने बाद ट्विटर पर चेन्नई सुपरकिंग्स ने उनकी फोटो शेयर की और कहा पहली चीज जो आप सोमवार की सुबह देखना चाहेंगे। देखिए कौन वापस आया है! आईपीएल शुरू होने से पहले सीएसके 13 सदस्य कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। इनमें दो खिलाड़ी शामिल थे।

## अश्विन की चोट पर दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिया अपडेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला किंग्स इलेवन पंजाब से हुआ। इस मैच में भले ही दिल्ली की टीम को सुपर ओवर में जीत मिल गई, लेकिन उसके दो अहम खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं, जो टीम के लिए चिंता का विषय है। मैच से पहले जहां तेज गेंदबाज इशांत शर्मा चोटिल हो गए वहीं मैच के दौरान स्पिनर रविचंद्रन अश्विन घायल हो गए। मैच में अपने पहले ओवर में अश्विन ने दो विकेट लिए, लेकिन इसी ओवर की आखिर गेंद पर उनके कंधे पर चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। उनकी चोट पर दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि अश्विन ने कहा है कि वह अगले मैच तक फिट हो जाएंगे, लेकिन अंत में फैसला फिजियो को करना है।

## राशिद खान ने हैदराबाद के बल्लेबाजों को दी अहम सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर से होना है। मैच से पहले हैदराबाद के स्टार स्पिनर राशिद खान ने टीम के बल्लेबाजों को अहम सलाह दी है। राशिद खान ने कहा है कि हैदराबाद के मिडिल ऑर्डर को मिडिल ओवर्स में समझदारी से क्रिकेट खेलने की जरूरत है।

एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यूएई में आप हमेशा बड़े शॉट के लिए नहीं जा सकते। हमारे पास मिडिल ऑर्डर में विजयशंकर, मनीष पांडे समेत अन्य युवा बल्लेबाज हैं, जो लंबे–लंबे शॉट लगा सकते हैं, लेकिन कभी–कभी बड़े ग्राउंडस पर आपको समझदारी से क्रिकेट खेलने की जरुरत होती है। चेन्नई और मुंबई के बीच मुकाबले में फाफ डु प्लेसिस मैच को अंत तक लेकर गए और इसे बेहतर तरीके से खत्म किया। मुझे लगता है कि इन चीजों को जो टीम अच्छी तरह से करेगी वह सफल होगी।

## अंबाती और पीयूष चावला को लो प्रोफाइल क्रिकेटर करार दिया ने, फिर मचा बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संजय मांजरेकर एक बार फिर से सबके निशाने पर आ गए हैं क्योंकि उन्होंने सीएसके के खिलाड़ी अंबाती रायुयू व पीयूष चावला को लो प्रोफाइल क्रिकेटर करार दिया। ऐसा पहली बार नहीं है जब उन्होंने किसी भारतीय क्रिकेटर को लेकर ऐसी कोई बात की है। वो अपनी बेतुकी बातों की वजह से सुर्खियों में बने ही रहते हैं। 2019 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के बारे में कहा था कि मुझे ऐसे खिलाड़ी पसंद नहीं हैं जो टुकड़ों में प्रदर्शन करते हैं। यही नहीं उन्होंने क्रिकेट कमेंटेटर हर्षा भोगले की योग्यता पर भी सवाल उठा दिए थे और उनकी काफी आलोचना हुई थी। हर्षा भोगले ने बेशक फर्स्ट क्लास या फिर लिस्ट ए क्रिकेट भी नहीं खेले हैं।